मैं यहां यह आश्वासन देना चाहता हूं कि समिति ने अनेक सिफारिशें और टिप्पणियां की हैं और श्रम मंत्रालय समिति की इन सिफारिशों और टिप्पणियों को लागू करने के लिए जहां तक संभव हो सकेगा, समुचित कार्यवाही करेगा।

जैसे कि माननीय सदस्य जानते हैं, वर्ा 2002-2003 के लिए श्रम मंत्रालय के बजट अनुमान 998.13 करोड़ रुपये, योजना का 148.59 करोड़ रुपया और गैर योजना का 849.54 करोड़ रुपया था जिसे संशोधित अनुमान स्तर पर घटाकर 882.79 करोड़ रुपये, इसमें योजना का 125 करोड़ रुपया और गैर योजना का 757.79 करोड़ रुपया कर दिया गया। इसकी तुलना में वर्ा 2002-2003 के दौरान अंतिम अनुमान 893 करोड़ रुपये, जिसमें योजना 120 करोड़ रुपये और गैर योजना 733 करोड़ रुपये है। अतः संशोधन अनुमान के अंतर्गत आवंटन निधि का करीब 96 प्रतिशत इसके अंदर है। निधि के कम उपयोग की अन्य बातों के साथ-साथ अभी कई माननीय सदस्यों ने चर्चा की थी। इसके बारे में कहना चाहूंगा कि क्योंकि यह दसवीं पंचवर्षीय योजना का पहला साल था, इस कारण बहुत सारी योजनाएं, जो पिछले साल से चलती आ रही थीं, उसकी अनुमति नहीं मिलना तो नई योजनाओं की स्वीकृति न होना, मुख्य रूप से इसका कारण रहा है। सम्मानित सदस्य अच्छी प्रकार जानते हैं कि इस देश के कामकाजी वर्ग की संख्या 40 करोड़ से भी अधिक है। यह बात माननीय सदस्यों ने ठीक कही है कि इस 40 करोड़ में से करीब 93 प्रतिशत वर्कफोर्स अनआर्गनाईज़्ड सैक्टर में काम करती है और केवल 7 प्रतिशत आर्गनाईज्ड सैक्टर में काम करती है। यह बात भी सही है कि आर्गनाईज्ड सैक्टर में काम करने वाले लोगों को किसी न किसी प्रकार सोशल सिक्युरिटी मिलती है लेकिन अनआर्गनाईज्ड सैक्टर में काम करने वाले लोगों को सोशल सिक्युरिटी न के बराबर मिलती है। हमने कहीं-कहीं पर कुछ वेल्फेयर फंड बनाए हैं, कहीं बीड़ी वर्कर्स के लिए, कहीं माइन वर्कर्स के लिए बनाए हैं। लेकिन उसमें भी अधिकतर लोग अभी तक सोशल सिक्युरिटी के बिना हैं। यह बात सही है कि इस देश के 37 करोड़ में से करीब 23 करोड़ ऐसी वर्कफोर्स है जो ऐग्रीकल्चर में काम करती है और उस ऐग्रीकल्चर में काम करने वाली वर्कफोर्स को सोशल सिक्युरिटी, मिनिमम वेजेस जैसी चीजें भी मुश्किल से मिलती हैं। यह बात सही है कि केन्द्र सरकार बहुत सारे कानून बनाती है। कुछ कानून राज्य सरकारों ने बनाए हैं। कुल मिलाकर करीब ढाई सौ ऐसे कानून हैं जो श्रम से संबंधित हैं। लेकिन अब करीब-करीब सभी कानूनों का इम्प्लीमैंटेशन और ऐनफोर्समैंट राज्य सरकारों द्वारा ही होता है। हमें उन्हीं के ऊपर निर्भर करना पड़ता है। केन्द्र सरकार कुछ गिने-चुने केन्द्र सरकार से संबंधित संस्थानों के ऊपर नियंत्रण करती है, शेा सभी राज्य सरकारों के माध्यंम से करना पड़ता है। यह बात भी ठीक है कि आर्गनाईज़्ड सैक्टर में भी अनेक समस्याएं हैं। जब से डब्ल्यू.टी.ओ. पर सिगनेचर हुए, तब से एक, दो नहीं, ढाई लाख के करीब उद्योग बंद हो चुके हैं। उनमें बहुत बड़ी संख्या में मजदूर बेकार हो चुके हैं, और भी बहुत सारे कारण हैं। लेकिन मैं उन पर जाने से पहले यह जरूर कहना चाहूंगा कि सबसे बड़े दुख की बात यह है कि एक तरफ जो लोग अनआर्गनाईज़्ड सैक्टर में काम करते हैं, उनको हम सोशल सिक्युरिटी नाम की कोई चीज नहीं देते और दूसरा, जैसे मैंने मिनिमम वेजेस की बात की, वह भी मुश्किल से मिलती है। मैं सदन की खुशी के लिए कहना चाहता हूं कि माननीय सदस्यों ने इसके बारे में चिन्ता व्यक्त की थी कि हम अनआर्गनाईज़्ड सैक्टर के बारे में क्या करने जा रहे हैं। लेबर कमीशन ने भी इसके बारे में बातें कही हैं। उसके अंदर माडर्नाईजेशन की बात भी कही गई है, किस प्रकार का बने, इसकी व्यवस्था भी की गई है। मैं सदन की खुशी के लिए बताना चाहता हूं कि इस बजट सैशन के अंदर जो चौदह दिन का समय बचा है, उसमें हम सदन के सामने बिल पेश करेंगे और यदि आपकी स्वीकृति मिलेगी तो देश के उन 37 करोड़ लोगों को, जिनको 55 साल की आजादी के बाद आज भी सोशल सिक्युरिटी नहीं मिली, उनको सोशल सिक्युरिटी मिल सकेगी। इसमें छोटे-छोटे लोग हैं - कोई पल्लेदार है, कोई बेलदार है, कोई रेहड़ी-पटरी वाला है, कोई साइकिल चलाने वाला है, किसी की पान की दुकान है, किसी की चाय की दुकान है और कोई मार्जीनल फार्मर है। इस प्रकार रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले चार लाख छोटे-छोटे कुली हैं। जो कुली रेलवे स्टेशन में काम करते हैं, मैंने उनके पास जाकर पूछा कि आप कहां रहते हैं। उन्होंने बताया कि वे रेलवे स्टेशन पर रहते हैं, सर्दी होती है तो किसी से प्रार्थना करके रात के रुकने वाली ट्रेन में रह जाते हैं। जब कोई ट्रेन दौड़ती हुई आती है तो उनकी आंख खुल जाती है और फिर वे सामान लेकर दौड़ते हैं। उनकी पूरी जिंदगी इस प्रकार बीत जाती है। उनको हम सोशल सिक्युरीटी दें। जो 37 करोड़ लोग हैं, आज उनकी आंखों में भय दिखाई देता है।

आत्मविश्वास नहीं दिखाई देता है, स्वाभिमान की बात तो आप छोड़ दीजिए। उनके चेहरों पर एक भय दिखाई देता है। उनको लगता है कि कल मेरा क्या होगा ? अगर कहीं मेरी मौत हो गई तो मेरे परिवार को कल को कोई देखने वाला नहीं होगा। इसलिए हम इसी सत्र में ऐसा एक कानून, बिल पेश करेंगे जो इन सब लोगों को सोशल सिक्योरिटी एनश्योर करेगा, मैडीकल फैसिलिटीज उनको देगा कि किसी की मौत हो जाएगी तो उसको आर्थिक मदद मिलेगी, पेंशन मिलेगी। इस प्रकार की सारी व्यवस्थाएं उसमें हम करने जा रहे हैं लेकिन बहुत लार्जली इस पर निर्भर करेगा कि किस प्रकार के समाज के लोग उनकी मदद करते हैं, किस प्रकार की स्वयंसेवी संस्थाएं उनकी मदद करती हैं। सेवा नाम की एक संस्था है जिसमें लाख से भी ज्यादा महिलाएं हैं जो सोशल सिक्योरिटी देने का काम करती हैं। अभी सरकार से मदद उनको नहीं मिलती है। इसी प्रकार की बहुत सारी संस्थाएं समाज के सामने आएंगी तो हम हम 37 करोड़ लोगों को किस प्रकार की सामाजिक सुरक्षा देते हैं, यह एक बहुत महत्वपूर्ण कार्य होगा जिसके माध्यम से हम कार्य कर सकेंगे।

दूसरी बहुत बड़ी समस्या अपने देश के अंदर जो है और मणि शंकर अय्यर जी ने अभी एक महत्वपूर्ण विाय छेड़ दिया। जो लोग छोटा-मोटा धंधा कर रहे हैं, काम कर रहे हैं, हमें उन लोगों की चिंता करनी चाहिए। उन लोगों को कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं मिली हुई है। बच्चे काम करते हैं। कोई मां-बाप नहीं चाहते कि उनके बच्चे हैजारडुअस इंडस्ट्री, कारखानों में काम करें। कोई भी मां-बाप अपने बच्चों को जोखिम में नहीं डालना चाहते लेकिन गरीबी बहुत बुरी चीज है। गरीबी मजबूर कर देती है कि वे अपने नन्हे-नन्हे बच्चों को किसी कारखाने में भेजें। इसलिए इस संबंध में केवल कहने से काम नहीं चलेगा। यह बात सही है कि इस तरह से ये बच्चे जो कारखाने में काम करते हैं, यह हमारे देश के ऊपर एक कलंक है। लेकिन उसके पीछे गरीबी सबसे बड़ा कारण है, मजबूरी सबसे बड़ा कारण है। उस मजबूरी को खत्म करने के लिए हमारे प्रधान मंत्री जी ने अनेक योजनाएं चलाई हैं। उन परिवारों की मदद करने के लिए उन्होंने अनेक काम किए हैं। इस बजट के अंदर भी हमने चाइल्ड लेबर को खत्म करने के लिए 13 इंडस्ट्री ऐसी हैं और 57 प्रोसैस हैं जिसके अंदर कोई काम करेगा तो हम उसे सजा देंगे। लेकिन जैसा मैंने अभी कहा कि एनफोर्समेंट राज्यों के माध्यम से है और अभी हम 4000 विद्यालय चला रहे हैं। इनमें ऐसे बच्चों को हम डालते हैं जिनको खाने के लिए पहले हम ढ़ाई रुपया रोज के देते थे। अब हम इस वर्ा से पांच रुपया करने वाले हैं। पहले 249 करोड़ रुपया था। इस दसवीं पंचवर्षीय योजना में हम 602 करोड़ रुपया दे रहे हैं ताकि उनके और 2000 विद्यालय हो जाएं। अभी सौ जिले में हम चलाते थे जहां पर ज्यादा चाइल्ड लेबर होती थी। अभी 150 जिलों में चलाएंगे जहां पर पचास और जिले हम चुन रहे हैं जहां और इस तरह की चाइल्ड लेबर होगी तो हम उस क्षेत्र में दो करोड़ रुपये खर्च करेंगे, उसको एक्सटेंशन करेंगे, वोकेशनल ट्रेनिंग भी हम उनको देंगे और इस प्र

ाकार की अनेक योजनाएं उन बच्चों को इस काम से निकालने के लिए हम चलाएंगे।

आपको अच्छी तरह से जानकारी है कि हमारी एचआरडी मिनिस्ट्री ने बिल पास किया है कि हम एलीमेंट्री एजुकेशन का अधिकार सबको देंगे। वे भी अपनी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। उसके लिए व्यवस्थाएं करेंगे। उनके परिवारों के पास गरीबी की रात है, हम उनकी भी मदद करेंगे। ऐसे बजट का हमने काफी प्रोवीजन किया है ताकि जो चाइल्ड मजदूरी करता है, वह चाइल्ड मजदूरी न करके स्कूल जाएगा और शिक्षा ग्रहण करेगा। इस प्रकार की योजना हमने बनाई है और हमारा इरादा यह है कि सन् 2007 तक इस प्रकार के 14 साल की उम्र के नीचे के जो बच्चे हैजारडुअस इंडस्ट्री में काम करते हैं, उनको वहां से मुक्त करवाएं ताकि वे अपना जीवन-यापन कर सकें, इस प्रकार की स्थिति हम पैदा करेंगे।

लेबर्स के लिए हमने अनेकों व्यवस्थाएं बनाई हैं। बहुत राज्यों की मांग थी कि रात को कई इंडस्ट्री में महिलाओं को काम करने की इजाजत नहीं होती। हमने कुछ शर्तें लगाई है और हमने महिलाओं को इजाजत भी दी है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि देवगौड़ा जी ने बेसिक सवाल उठाया था। यह बात सही है कि बेरोजगारी है लेकिन उसके पीछे कारण क्या है ? कई समाचार-पत्रों में छपता है कि हमारे देश में दस करोड़ लेबर है। लेबर क्यों है ? इसके पीछे मूल कारण क्या है ? हम जिस प्रकार से काम चला रहे हैं, जिस प्रकार से मैकेनाइजेशन, लिबरेलाइजेशन, प्राइवेटाइजेशन और ग्लोबेलाइजेशन हो रहा है। ये सारी चीजें हो रही हैं तो क्या ये ठीक हो रही हैं ? क्या इस पर लगाम लगाने की जरूरत है ? क्या इस पर रोक लगाने की जरूरत है ? हम क्या करें? कौन सी नीति बनाएं ? यह सदन पूरी तरह से कम्पीटेंट है और इस प्रकार की चर्चा भी कर सकता है। मैं समझता हूं कि यह इतना महत्वपूर्ण विाय है कि इस पर एक दिन नहीं, दो दिन नहीं, अगर चार दिन भी इस पर चर्चा करनी पड़ेगी और सैटरडे-संडे भी चर्चा करनी पड़े तो वह भी कम होगा। आज हम दुनिया के दूसरे देशों से मुकाबला कर रहे हैं। आज एक कम्पीटीशन का युग है। डब्ल्यूटीओ पर सिगनेचर के बाद सारी दुनिया हमारी मार्केट है।

कैसे हम अपना सामान पूरी दुनिया की मार्किट में भेजेंगे। किस तरह से हमारी चीजों का उत्पादन होगा, कौन-कौन से नियंत्रण हम उनके ऊपर से हटाएंगे। कहां कस्टम और एक्साइज कम करेंगे या लगाएंगे। ये बहुत सारी बातें हैं जिन पर पूरे सदन को विस्तार से चर्चा करने की आवश्यकता है। हम बातें तो करते रहते हैं। मैंने ट्रेड-यूनियन के सभी लोगों से बातें की हैं, मैंने देश की एक भी यूनियन ऐसी नहीं छोड़ी जिससे मैंने घंटों बातें न की हों, विस्तार से बातचीत न की हो। हम चाहते हैं कि हम सबसे बातचीत करें। हम अपने घर में बैठकर कानून को बनाना नहीं चाहते हैं। रेशनलाइजेशन ऑफ लॉ घर में बैठकर करना नहीं चाहते हैं। हमारे एनडीए के पार्टनर्स से ही बात बनने वाली नहीं हैं, सभी को बैठकर सोचना और इस विाय पर काम करना होगा। माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी यह बात कही है कि हमें सभी पार्टियों के साथ बैठकर सर्वानुमति बनानी है। लेबर रिफोर्म का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि हम हायर एंड फायर करेंगे, हम मजदूर को परेशान करेंगे बल्कि लेबर रिफोर्म का मतलब है कि इस देश के अंदर ऐसा माहौल बने, जिसमें कामगार और मालिक के बीच में विश्वास का माहौल बने। साथ ही साथ जिस माहौल में इंवैस्टमेंट हो सके। जो लोग इंवैस्टमेंट करने से घबराते हैं उनको इंवैस्टमेंट करने का माहौल मिले। सदन अगर चाहेगा तो हम ऐसा माहौल बना सकते हैं। सभापति जी, केवल कानून बनाने से काम चलने वाला नहीं है। सबसे महत्व की बात यह है कि कानूनों का कितना इंफोर्समेंट हो रहा है। श्रम मंत्री के नाते मुझे कहते हुए दुःख भी होता है कि हमारे लेबर लॉज का जितना इंफोर्समेंट होना चाहिए, उसमें बेहत कमी है, बहुत ज्यादा कमी है। इसके लिए न कोई एक आदमी, न कोई एक राज्य दोाी है। हम सभी ने मिलकर काम करना है। कौन सी चीजें व्यावहारिक हैं जो कानून में होनी चाहिए और जिनकी आज देश को जरूरत है। अगर हम आज भी उसी चीज में पड़े रहेंगे कि यहां तो वर्ग-संर्घा रहने वाला है, गरीब और अमीर तो रहने वाला है तो यूनियनें भी रहेंगी और यूनियनें रहेंगी तो झगड़े भी करेंगे। हमें आज ऐसा माहौल पैदा करना है जिसमें एक दूसरे के साथ मिलकर, विश्वास के साथ आगे कदम बढ़ा सकें। यह आज देश की जरुरत है।

आज तो यह एक छोटा सा विाय है, लेकिन इस पर हम विस्तार से चर्चा करके, किसी ठोस निर्णय पर पहुंचे, ऐसा हमारी सरकार का विचार है। सदन जो भी चाहेगा, हम खुले दिल और दिमाग से उस पर निर्णय लेने के लिए तैयार हैं, परिवर्तन करने के लिए तैयार हैं। हम बंधे दिमाग से बात नहीं कर रहे हैं।

सभापति महोदय, हम कई बार बात करते हैं कि आठ प्रतिशत ग्रोथ-रेट होगा, लेकिन लोग कहते हैं कि आठ प्रतिशत ग्रोथ-रेट हो ही नहीं सकता है। अगर नहीं हो सकता है तो उसके लिए प्रयास करेंगे, एक ऐसा माहौल बनाएंगे, नियम बनाएंगे तो क्यों नहीं हो सकेगा। दुनिया में कौन सी ऐसी चीज है जो नहीं हो सकती है। अमरीका के राट्रपति मिस्टर कैनेडी ने एक बार कहा था कि हमें आकाश में जाना है, हमें तो चांद पर जाना है। कोई बात नहीं थी, कोई योजना नहीं थी लेकिन योजना बनी और वे लोग चांद पर चले गये। अगर हम विचार करेंगे तो ऐसी कोई भी बात नहीं है जो हम नहीं कर सकते हैं। अगर इस देश को आगे बढ़ाना है तो आठ प्रतिशत ग्रोथ-रेट करना पड़ेगा। किस को क्रैडिट उसका जाता है यह सोचने की बात नहीं है, क्रैडिट देश को जाना चाहिए। देश बड़ा बनेगा तो हम अपने आप बड़े बनेंगे। सदन के सभी साथियों के निर्णय से ही सब कुछ होने वाला है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस पर विस्तार से निर्णय करने की आवश्यकता है। इर्रिगेशन में, खेती में, फोरेस्ट्री में, एनीमल-हस्बैंडरी में, छोटे और सीमांत उद्योगों में, कम्युनिकेशन में, तकनीकी में, टूरिज्म में बहुत सारे कार्य करने की आवश्यकता है। इन सारी चीजों पर अगर हम विचार करेंगे तो देश के जो बेरोजगार लोग हैं उनको रोजगार मिल सकता है।

माननीय देवगौड़ा जी ने ठीक कहा है कि जूट मिल के अंदर इस प्रकार की समस्याएं थीं। मैंने दो महीने पहले सब अधिकारियों की अपने यहां मीटिंग की थी। कुछ चीजों पर समझौता हुआ है। जो समझौता हुआ है अगर उस पर काम चला तो उनके एरियर की समस्या के साथ-साथ अन्य समस्याओं का समाधान भी होगा। मेरी व्यक्तिगत जानकारी में भी कुछ बातें आई हैं कि डिस-इंवैस्टमेंट के बाद जिन लोगों ने होटल या कोई और चीजें खरीदी हैं, वे पहले तो कर्मचारियों को प्यार से कहते हैं कि वीआरएस ले लो। अगर वे वीआरएस नहीं लेते हैं तो उनकी जो दूर गुवाहटी में या अन्य कोई कंपनी है वहां ट्रांसफर करके कहते हैं कि तुम्हें गुवाहटी जाना पड़ेगा।

असम जाना पड़ेगा या सिलीगुड़ी जाना पड़ेगा या केरल जाना पड़ेगा। ऐसी-ऐसी जगहों के नाम बतायेंगे, जिससे वे मजबूर होकर इस्तीफा दें और नौकरी छोड़ दें। इस प्र ाकार की परिस्थितियां आ रही हैं। इस समस्या के समाधान के लिए हमने एक कमेटी बनाई है। â€¦ (व्यवधान)

श्री मोहन रावले : सैन्ट्युर होटल में तो 60-70 हजार रुपए भी नहीं दे रहे हैं।

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : हमने एक कमेटी बनाई है। जिन उद्योगों का डिसइन्वैस्टमेंट हुआ है, जैसे बालको और माड्रर्न इन्डस्ट्री, दो-तीन उद्योग उनको दिए हैं। उस कमेटी में एम्पलाइज, एम्पलायर्स और सारे लोग हैं। ये लोग वहां जाकर विस्तार से परिस्थिति को देखेंगे और सुझाव देंगे। फिर हम उन सुझावों पर काम करेंगे। यह मैं सदन को आश्वासन देना चाहता हूं।

महोदय, यह बात सही है कि अपने देश के अन्दर सात परसेंट अनस्किल्ड फोर्स है, जबकि विकसित देशों में सात-आट परसेंट स्कील्ड फोर्स होती है। हमें देश के ि वकास के लिए स्किल्ड फोर्ड को बढ़ाने की जरूरत है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमने एक हजार के करीब आईटीआई खोले हैं। प्राइवेट सैक्टर में खोले हैं। जिन स्कूलों या कालेजों में एक शिफ्ट चलती है, वहां दूसरी शिफ्ट में इसको चलाने की व्यवस्था की है। ऐसी भी ट्रेड्स थीं, जिनकी आवश्यकता नहीं थीं, लेकिन हम ट्रेनिंग देते चले आ रहे थे। उन ट्रेड्स को हमने खत्म कर दिया है और नई 23 ट्रेड्स उसमें जोड़ दिए हैं, जिनकी आवश्यकता है। इस दिशा में ट्रेनिंग दी जाएगी और उसका लाभ मिलेगा। लिब्रल होकर प्राइवेट सैक्टर में अधिक से अधिक आईटीआई खोले हैं। ऐसी भी व्यवस्था की है, जो उद्योग अपने यहां उद्योग से संबंधित आईटीआई चलाना चाहते हैं, तो उनको अनुमति दे रहे हैं, ताकि वहां पर स्किल्ड डवेलपमेंट के काम में तेजी लाई जा सके।

इसके अलावा, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि मेरे मंत्रालय के अधिकारियों ने बहुत मेहनत करके इस प्रकार की व्यवस्था बनाई, जिससे स्ट्राइक को रोका जा सका। इसमें लाखों लोगों को बहुत दिक्कत हो सकती थी। स्ट्राइक कोल इंडिया में होने वाली थी, मेजर पोर्ट्स पर इडैफिनेट स्ट्राइक होने वाली थी, सीपीडब्ल्युडी में

होने वाली थी, एयरलाइन्स में होने वाली थी। हमारे अधिकारियों ने जाकर, चीफ लेबर कमिश्नर ने जाकर उन स्ट्राइक्स को वायड किया। रात-दिन उनसे बातचीत करके हमारे सैक्रेटरी लेबर और चीफ लेबर कमिश्नर ने बहुत मेहनत से काम किया। इन्होंने जिन लोगों के साथ काम किया, उन्होंने इनके काम की सराहना की है। उद्योगों में 11 हजार के करीब डिस्प्युट्स थे, उनको खत्म किया। इसी प्रकार अन्य डिस्प्युट्स को भी खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।

एक चर्चा ईएसआई हास्पिटल और ईपीएफ की सदन में माननीय सदस्यों द्वारा की गई है। यह बात सही है कि ईएसआई हास्पिटल्स जितने अच्छे चलने चाहिए, उतने अच्छे चलने में कहीं-कहीं दिक्कत है। कहीं-कहीं राज्य सरकारें बहुत अच्छा चला रही हैं और कई राज्य सरकारें अच्छा नहीं चला रही हैं। हास्पिटल हम तैयार करके देते हैं, मशीनरी हम देते हैं और अन्य व्यवस्था हम करते हैं, केवल राज्य सरकार की चलाने की जिम्मेदारी होती है। डाक्टर्स और अन्य पैरामिलिट्री मैडिकल स्टाफ उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उनकी होती है, लेकिन कई राज्य सरकारें बहुत रूचि से नहीं चलाती हैं, क्योंकि उनकी स्थिति अच्छी नहीं है। एक साल के बाद फिर हमने तय किया कि हम राज्यों में माडल हास्पिटल बनायें, जिनमें सारी सुविधायें हो और सारा खर्च हम वहन करें और हास्पिटल बनाकर राज्यों को दें। श्री लक्ष्मण सिंह ने इन्दौर के बारे में विचार व्यक्त किया है। मैं कुछ दिन पहले खुद इन्दौर गया था। टीबी हास्पिटल में गया था और मेन हास्पिटल में भी गया था। जो वहां कमियां है, उनको दूर करवा रहे हैं। जहां तक माडल हास्पिटल बनाने की बात है, तो राज्य सरकार ने नागड़ा में माडल हास्पिटल बनाने की बात कही है। वहां माडल हास्पिटल बनाने का काम प्रारम्भ होने वाला है। मैं बताना चाहता हूं कि हम करीब 141 हास्पिटल चला रहे हैं और कुल मिलाकर करीब एक लाख परिवारों को हम सुविधायें दे रहे हैं। जो सुविधायें किसी भी अन्य हास्टिपल के सिस्टम में दी जाती हैं और जितन लोग उनमें सुविधायें ले रहे हैं, अपने यहां ईएसआई सिस्टम में उससे ज्यादा सुविधायें ले रहे हैं। अनआर्गेनाइज्ड सैक्टर में लोगों से सैस लेने की बात माननीय सदस्य, श्री बसुदेव आचार्य जी ने कही है।

अब हमने यह सिस्टम बना दिया कि कोई भी लेबर डिपार्टमैंट के अलग अस्पताल नहीं चलेंगे। जो ईएसआई की डिसपैंसरियां हैं, अस्पताल हैं, जहां ये पहले चल रहे थे, उसे भी ईएसआई टेक-ओवर कर लेगा और जहां नहीं खोलने हैं, पूरे ईएसआई के सिस्टम में वे लोग आ जाएंगे ताकि जितनी भी और सुविधाएं ईएसआई की राज्य स्तर पर मॉडल अस्पतालों की हैं वे सारी सुविधाएं उनको मिल सकगीं। आपने जिस अस्पताल को बनाने की बात की थी, यदि वे बातें हो चुकी हैं तो हम वहां एक ईएसआई अस्पताल बना देंगे ताकि ईएसआई की सारी व्यवस्थाएं उसके अन्दर हो जाएंगी। हमने इस तरह से तय किया है। हम जो 16 मॉडल हॉस्पिटल बना रहे हैं हम उस पर करीब 200 करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। यदि आवश्यकता पड़ी तो जो बड़े राज्य हैं जहां लेबर फोर्स ज्यादा है, वहां और भी बाद में मॉडल अस्पताल खोल सकते हैं। हमने इस प्रकार की बात सोची है।

एक ईपीएफ के बारे में बात थी। आपको जानकारी में भी आया होगा कि राट्रपति जी ने एक यूनी कार्ड का उद्घाटन भी किया था। हमने एक यूनी कार्ड लेबर फोर्स को देने की बात तय की है। जिस पर हमारा काम शुरु हो चुका है। वह यूनी कार्ड जिन्दगी भर के लिए उनके पास रहेगा। वह चाहे कहीं भी काम करें चाहे कश्मीर या कन्याकुमारी में काम करे, वह एक बार सोशल सिक्योरिटी नैट में आ गया, कहीं भी उसका पैसा एक बार जमा हो गया, वह कहीं भी काम करेगा, वही उसका नम्बर रहेगा और उसके एकाउंट में वह पैसा चलता रहेगा। उसमें बहुत सारी बिजनेस प्रोसैसिंग करके एक स्कीम चलायी है। पूरे देश के लिए बहुत बड़ा हैडक्वार्टर्स बना रहे हैं जिसमें तीन करोड़ जो सब्सक्राइबर्स हैं, उनका और उनके परिवार का हिसाब-किताब उसके अन्दर होगा। इस प्रकार मैं समझता हूं कि क्लेम्स मिलने में बहुत ज्यादा भ्रटाचार होता था, एकाउन्ट स्लिप नहीं पहुंचती थी और उसमें बहुत दिक्कतें होती थी। जो 31 मार्च गई है, हमने इसमें पिछला बकाया करीब सभी जगह की एकाउन्ट स्लिप सौ परसैंट इशू कर दी हैं। जहां थोड़ी बहुत कमी है, वह भी पूरी होने वाली है। पहले इस काम में कई महीने लगते थे। जैसे ही हमने इसे इंट्रोडयूस किया है, एक वर्कर टेलीफोन करके भी पता कर सकेगा कि उसके एकाउन्ट में कितना पैसा है? अभी हम इस काम में 30 दिन लगाते हैं, जैसे ही बिजनेस प्रोसैसिंग का कार्य पूरा हो जाएगा, केवल दो दिन के अन्दर उनके क्लेम्स सैटल हो जाएंगे। इससे भ्रटाचार का कहीं सवाल पैदा नहीं होगा। भ्रटाचार सिस्टम से ठीक होगा। भ्रटाचार केवल एक-दो आदमी के करने से खत्म नहीं होगा। अगर हम अपने सिस्टम में कुछ परिवर्तन करेंगे, उससे भ्रटाचार खत्म हो सकता है। अगर वर्कर के बारे में निश्चित हो जाएगा कि दो दिन में पैसा मिल जाएगा, ऐसे में वह किस को पैसा देगा, क्यों पैसा देगा? हमने पहली बार इम्पलॉयमैंट प्रॉविडैंट फंड के सबसक्राइबर्स को यह कहा है कि जो भी मकान लेना चाहेंगे, हम उनको मकान बना कर दे देंगे। हमने इस बारे में राज्य सरकारों से बात की है। कहीं जमीन सस्ती होगी, हम उनको प्लॉट भी दे सकते हैं, मकान बना कर भी दे सकते हैं। राज्य सरकारों का पूरा सहयोग हमें मिल रहा है। करीब साढ़े तीन करोड़ सबसक्राइबर्स जो हैं, उनमें से जितने लोग मकान लेना चाहेंगे, राज्य सरकारों के सहयोग से उनको मकान बना कर देने की बात तय की है। बीड़ी वर्कर्स और दूसरे जो वर्कर्स हैं, जो माइन्स वर्कर्स हैं, वैलफेयर फंड के अन्दर जो लोग शामिल हैं, जैसे हम शोलापुर में उनके लिए 10 हजार मकान बना रहे हैं, बहुत बड़ी कॉलोनी बना रहे हैं। इसी तरह से देश में जहां किसी को मकान की आवश्यकता है, वे गांव में रहकर वहां बनवाना चाहेंगे, वहां मकान बना कर देंगे। आप कह् रहे थे कि हमने इसमें पैसे की कमी की है। पैसे की कमी हमने उसमें नहीं की है। यदि और आवश्यकता पड़ेगी तो और पैसा भी देंगे। हम पहले उनको 20 हजार सबसिडी देते थे। अब उन्हें 20 हजार से ज्यादा देने वाले हैं। वित्त मंत्रालय से उसकी क्लीयरैंस हो जाएगी तो उसकी भी हम यहां घोाणा करेंगे। उसे इससे भी ज्यादा हम देंगे। अम्बेडकर योजना, बाल्मिकी आवास योजना, इन्दिरा आवास योजना के माध्यम से ऐसे वर्कर्स को जो बीपीएल के आसपास हैं, उससे भी उनको मदद दिलवाएंगे। काफी बड़ी संख्या में हमारा टारगेट यह है कि बीड़ी वर्कर्स, माइन्स वर्कर्स और दूसरे वर्कर्स तथा वैलफेयर फंड में जितने लोग हैं, उनको करीब एक लाख मकान एक वर्ा में देने का हमने प्लान किया है। उसके लिए जमीन का मिलना, किसे कहां मकान चाहिए, इस बात को तय करने के लिए एक टास्क फोर्स बनाने की बात हमने कल तय की है। टास्क फोर्स के माध्यम से वह हर राज्य का दौरा करेगी। जहां जिस राज्य में जितनी आवश्यकता होगी, वहां हम मकान बनाएंगे। परसों मैंने उड़ीसा के मुख्यमंत्री से बात की थी। वह भी इसे करना चाहते हैं।

छोटे-छोटे हॉकर्स जो गरीब लोग हैं, फुटपाथ पर बैठते हैं, माननीय प्रधान मंत्री जी ने पहली बार यह कहा कि हॉकर को भी काम करने का अधिकार है, वे क्या काम करें, यह चुनाव करने का अधिकार है। अगर कोई हॉकर बनना चाहता है, और कोई चारा नहीं है क्योंकि नौकरी मिलती नहीं है, वह अगर हॉकर रह कर ही गुजारा करना चाहता है तो हॉकर का काम क्यों न करने दिया जाए, उसके लिए स्थान निश्चित किए जाने चाहिए। इसके लिए एक नेशनल पॉलिसी बन रही है। उसका ड्राफ्ट इशू हो चुका है। मंत्रालय में सर्कुलेट हो चुका है। ड्राफ्ट जब एप्रूव हो जाएगा तो देश में जितने हॉकर्स काम करते हैं, केवल दिल्ली में दो लाख हॉकर्स काम करते हैं,

देश में ऐसे जितने हाकर्स काम करते हैं, उनके लिये एक नेशनल पॉलिसी हो गई है कि उन सभी को प्रोटैक्शन देंगें। यहां पर कृाि मजदूरों के बारे में कहा गया। यह बात सही है कि उन्हें अडाप्ट किया गया है। कई राज्यों ने कहा कि इन के बारे में कानून बनाना ठीक नहीं होगा। इससे सोशल टैंशन बढ़ेगी। सरकार अनऔर्गनाइज्ड कृाि मजदूरों के लिये एक बिल लेकर आ रही है, उसमें कृाि मजदूरों को शामिल कर रहे हैं। इनके लिये अलग से कोई कानून नहीं बनेगा। हमारा अनऔर्गनाइज्ड सैक्टर्स के लिये बिल है, वह इन्हें कवर करेगा। उसमें यह सारी व्यवस्था हो जायेगी।

सभापति महोदय, यहां इस तरह की बात की गई कि मिनिमम वेजेज को इंपलीमेंट नहीं किया जाता है। उनके लिये सब से पहले रोटी, कपड़ा और मकान जरूरतें हैं। इस तरह टैंशन लेने से क्या फायदा है? उनके हैल्थ और एजुकेशन और इन सारे एलीमेंट्स को और उस प्रदेश की महंगाई को ध्यान में रखकर करना होगा। यह बात सही है कि इसके लिये कोई साइंटिफिक मैथड ढूंढने की आवश्यकता है, उसकी व्यावहारिकता देखने की आवश्यकता है। केवल यह तय करने से बात नहीं बनती कि वह कितना अफोर्ड कर सकता है, कितना पे कर सकता है । इसके अलावा और भी कई चीजें हैं जिन्हें हम ध्यान में रखकर काम कर रहे हैं।

सभापति महोदय, यहां पर इस बात की चर्चा की गई कि क्या कांट्रेक्ट लेबर पर कोई कानून बनाने वाले हैं। चूंकि यह अंडर कंसीड्रेशन है, इसलिये इस बात पर पूरी चर्चा होगी। ऐसी कौन सी चीजे हैं जिनसे लेबर का कोई एक्सप्लौयटेशन नहीं है, ऐसी कौन सी चीज है जिनसे एम्पलायर्स को इंनसैंटिव मिले ताकि वह अपना उद्योग-धंधा चला सकें। क्योंकि सवाल इस बात का है कि जितने लोग बेकार हैं और उनमें से कुछ लोग ऐसे हैं वे किसी भी प्रकार का काम करने के लिये तैयार हैं। कुछ लोग भूखे मर रहे हैं। पिछले दिनों मैं एक गांव में गया और देखा कि उस गांव के 70 नौजवान ऐसे हैं जिनकी उम्र 30 साल की हो चुकी है और कुछ ऐसे हैं जो 25 साल से बेकार हैं। ऐसा नहीं कि इस प्रकार यह पहली बार हुआ है। वे 18 साल से, 12 साल से बेकार हैं। उनकी कोई शादी नहीं करता। शादी इसलिये नहीं

करता क्योंकि उससे सोशल टैंशन कितनी होगी? गांव के लड़के की शादी न हो, इससे सोशल टैंशन हो सकती है। इससे कितना झगड़ा खड़ा हो सकता है। सवाल यह है कि सोशल सिक्यूरिटी के लिये लेबर लॉज़ लागू करके इस प्रकार की व्यवस्था बनाये तो आदर्श व्यवस्था है। आज हमारे नये उद्योग नहीं खुल रहे हैं, फिर क्या करें? यदि नये उद्योग खुलें, नई नीति बन सकती है, कोई नई व्यवस्था बन सकती है जिससे बेरोजगार लोगों को काम मिल सके। यदि हम आदर्श पर चलते रहेंगे तो उन लोगों के लिये काम नहीं दे पायेंगे, नये उद्योग-धंधे नही खुलवा सकेंगे। इसलिये आज जो स्थिति है, उससे अनरैस्ट कम हैं। मैं निस्संकोच कह सकता हूं कि हम इसे बूस्ट करें। इसका कारण अनरैस्ट नहीं है इसलिये नहीं है क्योंकि बेरोजगारी की दर गिरती जा रही है, वहां से लोग निकाले जा रहे हैं। नये उद्योग-धंधे नहीं खुल रहे हैं। उसके अंदर ज्यादा अनरैस्ट होता है तब लगता है कि जब हमारी मांग है, तब वे निकाले जा रहे हैं। वे चुप रहते हैं, वे शोर-शराबा नहीं करते हैं। इसलिये आ वश्यकता इस बात की है कि अगर किसी को सप्ताह में तीन दिन काम मिले, वह करने के लिये तैयार है और यदि एक दिन के लिये मिले तो वह भी करने के लिये तैयार है लेकिन उसके पास कुछ भी नहीं है, न रोटी, न कपड़ा और न मकान। इसलिये यदि हम सब लोग मिलकर बातचीत करेंगे कि इनके लिये कौन सी व्यवस्था बनाई जाये जिससे बेरोजगारों को काम मिल सके, उन्हें क्या काम दें और कैसे काम दें तो अच्छा होगा।

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह : माननीय मंत्री जी, आप कितना और समय लेंगे?

डा. साहिब सिंह वर्मा : सभापति जी, पांच मिनट में हो जायेगा। यदि आप कहें तो मैं एक घंटा भी बोल सकता हूं।

सभापति जी, श्री देवेगौड़ा जी ने एक प्रश्न उठाया कि ऐसी कौन सी व्यवस्था बनायें कि हर हाथ को काम दें। एक जमाना था जब महात्मा गांधी ने कहा था कि काटेज इंडस्ट्री लगाई जाये जिससे हर हाथ को काम मिल सके। ऐसी काटेज इंडस्ट्रीज से काम चल सकता है। इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है। यह बात सही है कि सड़कों का काम हो रहा है। मेरे मित्र ने कहा कि यह काम मशीनों से हो रहा है। चूंकि काम तेजी से करना है, इसलिये मशीनों से काम करना होगा। हजारों किलोमीटर सड़क बनानी हैं, वर्ल्ड स्टैंडर्ड से भी बनानी है, वर्ल्ड बैंक का कांसैप्ट है, इसका ध्यान भी रखना है। स्टैंडर्ड भी बढिया हो, मशीन से काम भी न हो, मैन्युअल काम करें, जल्दी काम हो लेकिन सारी चीजें एक साथ तो नहीं हो सकती। कुछ काम मैन्युअल करायें, कुछ मशीनों से करायें। इस प्रकार से सांमजस्य् बैठाया जा सकता है।

इस प्रकार का भी कोई सामंजस्य हम बैठा सकते हैं कि कुछ इसमें मैनुअल लेबर से काम हो, ताकि अधिक से अधिक लोगों को हम लगा सकें। आज आवश्यकता इस बात की है कि जितनी भी कमेटीज की रिपोर्ट्स आई थीं - श्री एस.पी.गुप्ता, श्री मोंटेक सिंह आहलूवालिया कमेटी की रिपोर्ट्स आई थीं तथा श्री सिंह की कमेटी की एक नई रिपोर्ट आई है, इस तरह से जितनी भी रिपोर्ट्स हैं, सबमें यह जरूर कहा गया है कि अगर हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार देना है तो उसमें हमें मैनुअली ओरियंटेड कामों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देना होगा। उसके बारे में जैसा मैंने कहा कि इसके ऊपर हम विस्तार से चर्चा करेंगे और भी बहुत सारे नये-नये विचार आ सकते हैं और उनके ऊपर भी हम बात कर सकते हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि किस प्रकार के काम हम देश में चलायें, जिनकी वर्ल्ड मार्केट भी हो। हैंडीक्राफ्ट्स की वर्ल्ड मार्केट है। कैसे हम इसे डेवलप करें, कैसे अधिक से अधिक लोगों को इसमें इनवोल्व करे, इस बात की भी आवश्यकता है।

सभापति महोदय, मैं वर्कर्स के मैनेजमैन्ट में पार्टिसिपेशन की बात कर रहा था। इसके बारे में यह बात सही है कि 1990 में एक बिल राज्य सभा में पेश हुआ था। उसके ऊपर बातें होती रहीं। उसके बाद वह स्टैंडिंग कमेटी में चला गया, फिर वहां से आ गया। उसके बाद हमने वर्ा 2002 में एक इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट एक्ट में अमैन्डमैन्ट्स के लिए कैबिनेट डिसीजन लिया था एक टाटा का भी था और इस तरह के कई और भी ऐसे सिस्टम्स चल रहे हैं, जिनमें किस तरह से पार्टिसिपेशन हो, किस तरह से शॉप लैवल पर, एस्टाब्लिशमैन्ट लैवल पर, कॉरपोरेट लैवल पर पार्टिसिपेशन हो, किस तरह से हम इस तरह की व्यवस्था करे जिससे लोगों मे विश्वास पैदा हो सके और आपस में मालिक और मजूदर एक दूसरे के करीब आ जाएं। उनमें आत्मीयता बने और कोई न कोई प्रोफिट शेयरिंग का अगर कोई एलीमैन्ट हो तो वे और भी नजदीक आ सकते हैं। इस प्रकार की कौन सी व्यवस्था हो, इसका अभी अध्ययन जारी है। इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। महत्वपूर्ण बात यह है, जिसे हमने शुरू किया है कि जितने उद्योग-धंधे हमारे देश में चल रहे हैं, उनमें अगर किसी वर्कर की मृत्यु हो जाती है तो हमने यह तय किया है कि तीस दिन के अंदर चाहे हमारे अधिकारी या अन्य किसी को वहां जाना पड़े, सबको यह स्टैंडिंग ऑर्डर हैं कि तीस दिन के अंदर-अदर सारे उसके अकाउंट्स क्लियर करवाने होंगे। अगर पेंशन देनी है तो पेंशन भी देनी होगी। अगर ई.एस.आई. से कोई पैसा देना है, मदद करनी है, फाइनेंशियल एड हर महीने अगर देनी है तो वह भी तीस दिन के अंदर तय होगी। जिस प्रकार की भी व्यवस्था होनी है, उसे हम तीस दिन में पूरा कर रहे हैं। उसके ऊपर बहुत तेजी से काम चल रहा है। हर महीने उसकी रिपोर्ट आ रही है। मैं खुद उसे मॉनीटर कर रहा हूं। इस प्रकार की चीजें हम कर रहे हैं।

एक बात यह भी आई कि हमारे कुछ वर्कर्स विदेशों मे जाते हैं, उसमें एजेन्ट्स कई बार लोगों को धोखा देते हैं, कई बार उन्हें फुसलाते हैं, कई बार पैसा भी अधिक ले लेते हैं। कुछ इस तरह की बातें हैं। यह बात सही कही कि चाइना वाले मिडिल ईस्ट में लोगों को नहीं भेजते। लेकिन हमारे लोग क्यों जाते हैं, वह एक अलग बात है। लेकिन जो लोग जाते हैं, उनके लिए हमने संसद में एक बिल पेश किया था। वह स्टैंडिंग कमेटी को गया है। किस तरह से एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल के नाम से एक काउंसिल बनाकर जो वर्कर्स भाग जाते हैं, उन्हें हम कैसे सोशल सिक्युरिटी दें। जो उनके परिवार पीछे रह जाते हैं, उन्हें किस तरह से सोशल सिक्युरिटी दें। इस पर हम इम्प्रूवमैन्ट कर रहे हैं। देश भर में जितने एजेन्ट्स थे, मैंने उन्हें तथा अधिकारियों को बुलाकर उनके साथ बात की है। काफी ऐसी चीजें थी, जिनकी वजह से भ्रटाचार होता था। जिसकी वजह से लोगों से ज्यादा पैसा ले लेते थे। हमने दो महीने पहले मीटिंग करके उसमें काफी हद तक तब्दीलियां की हैं, जिससे कुछ राहत मिली है। लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने के लिए है। मैं समझता हूं कि पिछले दिनों में जितनी त्रिपक्षीय वार्ताएं हो सकती थीं, वे हमने की हैं। हमने अनऑर्गेनाइज्ड सैक्टर के ऊपर दो दिन का एक नेशनल सेमिनार राज्यों से बुलाया। इंडियन लेबर कांफ्रैंस में उस पर अलग से चर्चा की और अनेकों तरह से हम बहुत सक्रियता से इसमें काम कर रहे हैं। मैं यह नहीं कहता कि जो कुछ हम कर रहे हैं, मैं उससे बहुत संतुट हूं। लेकिन उस दिशा में हम कदम जरूर आगे बढ़ा रहे हैं और मुझे विश्वास है कि हम इस काम को अंजाम दे सकेंगे और देश की लेबर फोर्स को एक स्किल देकर, उसे ठीक प्रकार से सामाजिक सुरक्षा देकर, बेरोजगार लोगों के लिए कानून में परिवर्तन करके एक अच्छा माहौल हम तैयार कर सकेंगे। इसी के साथ मैं कहना चाहता हूं कि मैं बहुत ब्यौरा नहीं दे पाया हूं, किंतु मैं आपका आभारी रहूंगा, यदि माननीय सदस्य किसी अन्य अवसर पर मेरे मंत्रालय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अपना बहुमूल्य समय दें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं श्रम मंत्रालय की अनुदान मांगों के लिए सदन का अनुमोदन प्राप्त करना चाहूंगा।

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : Sir, I strongly object to the Minister having failed to even mention, let alone answer, any point that I have made. I have raised a very important matter relating to the Prime Minister misleading the House and I am astonished that the Minister has not answered it.

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : मणि शंकर जी ने बहुत अच्छी बात कही जिसको इनकी पूरी पार्टी कोसती रही कि आर.एस.एस. बड़ा गलत काम करती है, संघ की संस्थाएं बड़ा गलत काम करती हैं। इन्होंने उसकी तारीफ की और कहा कि वे भी अच्छा काम कर रही हैं और उन्होंने इस बात की मांग की है कि स्वदेशी जागरण के माध्यम से यह काम हो और इन्होंने उसकी तारीफ की है। इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूँ। â€¦ (व्यवधान)

श्री मणि शंकर अय्यर : उसकी तारीफ नहीं की। तारीफ और ज़िक्र के बीच में जो अंतर है वह तो समझिये। â€¦ (व्यवधान)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : आप मेरी बात सुन तो लीजिए। I must react to what you have said. आपने यह भी कहा कि प्रधान मंत्री जी ने बार-बार जो कहा है कि हम 10 मिलियन जॉब क्रियेट कर रहे हैं, माननीय प्रधान मंत्री जी ने यह बात कही है। इसके लिए आज से पहले न कोई कमेटी बनाई, न रिपोर्ट आई, न

इंप्लीमेंटेशन हुआ। माननीय प्रधान मंत्री जी ने इसकी समिति बनाई और उसकी रिपोर्ट आ चुकी है। उस पर हमारा मंत्रालय काम कर रहा है, प्लानिंग कमीशन उस पर काम कर रहा है। मैं इस बात में नहीं जाना चाहता कि यह कहें कि प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि इतने हुए हैं, इतने नहीं हुए हैं। I do not want to go into that.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : In that case, I must leave the House. It is our duty to raise questions and if the Minister is unable to answer, then I do not think why we are wasting time for the last five hours. We have got a statement made by the Prime Minister attempting to show that hon. Leader of the Opposition did not state matters correctly. I have given all the facts and figures. They had four hours time. I do not see why he has not answered.

DR. SAHIB SINGH VERMA: Please have patience. You are my good friend.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : You have already ended your speech....(*Interruptions*)

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : अपने गिरेबान में भी झांककर देखें। â€¦ (व्यवधान)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : मैं कहना चाहता हूँ कि अगर हम सब मिलकर काम करेंगे और एक परसेंट ग्रोथ रेट होगा तो हमारा जो बिज़नैस है as usual we will contribute only to 30 million employment opportunities. Our 8% growth with emphasis on employment intensive sectors and programmes will yield 50 million employment opportunities, special emphasis on agriculture, irrigation, agro-forestry, small and medium enterprise, information, communication, technology and other services. It may also include tourism and important channels to rationalise hotels, entertainment tax, etc. If you do all that, we will be in a position to create at least 80 million jobs through this.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR): He is referring to the future. I was referring to the past. The hon. Prime Minister has misled this House. This hon. Minister is unable to defend the hon. Prime Minister....(*Interruptions*)..This is absolutely shameful that the hon. Prime Minister gets up and says that the hon. Leader of the Opposition has taken things incorrectly and the Minister is unable to reply. It is our duty to ask questions and it is his duty to answer it. He is just unable to answer. He is reading out from the Tenth Five-Year Plan. We are talking about the past. I know where he is reading it from.

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चीखलीया) : माननीय प्र धान मंत्री जी ने कोई गलत बात नहीं कही है। â€¦ (व्यवधान)

श्री मणि शंकर अय्यर : प्रधान मंत्री जी ने जो कहा है, उसका जवाब दीजिए। â€¦ (व्यवधान)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : प्रधान मंत्री जी ने जो फिगर्स दी थीं, वह प्रधान मंत्री जी की अपनी फिगर्स नहीं थीं। â€¦ (व्यवधान) Those figures were provided by the Planning Commission. These are the correct figures that the hon. Prime Minister has given. It is totally wrong to say that the hon. Prime Minister has misled the House.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : I demand the Minister who is incharge of Planning to be brought before this House to answer the question that I have raised because it is a completely irresponsible of the Minister of Labour to put this on the Planning Commission. There is a concept of collective responsibility in our Constitution. If he is unable to answer, perhaps, then the hon. Prime Minister should come before us. We cannot run this House on this basis. We ask questions and then no answers are given.

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : सभापति जी, जैसे मैंने निवेदन किया है, अगर यह सदन इस बात के लिए तैयार है तो जैसे मैंने प्रारंभ में निवेदन किया था कि इस पर और विस्तार से चर्चा हो सकती है और विस्तार से आपको जवाब दिया जा सकता है, लेकिन आप भागने के चक्कर में क्यों हैं कॉपी उठाकर? मैं तो जवाब दे रहा हूँ। जवाब कम मिल रहा है तो मैं विस्तार से चर्चा करने के लिए तैयार हूँ। आप भागने के लिए क्यों तैयार हैं?

श्री मणि शंकर अय्यर : सभापति महोदय, 20 साल लगे हैं और अब जबकि मौका मिला और मैंने सवाल किया, वह भी पांच घंटे पहले, क्या इस समय तक प्लानिंग कमीशन से पूछकर, यहां आकर हमें नहीं बता सकते थे ? विाय अहम है। प्रधान मंत्री के सिलसिले में है और इतनी गैर-जिम्मेदारी है कि जो सवाल मैंने उठाया है, उसका जवाब तक नहीं दिया जा रहा है। â€¦ (व्यवधान)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : सभापति महोदय, मैंने जो माननीय सदस्य ने पूछा है, उसका स्पेसिफिक जवाब दिया है। मैंने 80 मिलियन के बारे में बताया है। â€¦ (व्य वधान)

सभापति महोदय : माननीय सदस्यों के भााण हो गए, मंत्री जी का जवाब हो गया, अब और क्या चाहिए।

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : माननीय सदस्य लक्ष्मम सिंह जी ने एक सवाल उठाया था। Allocation of money has been made for opening of ITIs in the North Eastern States. He said that we have not made much provision, but I would like to inform the hon. Member that the funds released in 2002-03 were Rs. 11.5 crore and the Budget provision for ITIs in the North Eastern States is Rs. 17 crore in 2003-04. He also said that for the State of Jammu and Kashmir, the allocation is only Rs. 10,000, but I would like to inform him that the Budget provision in 2003-04 for Jammu and Kashmir is Rs. One crore. Then, the State Government is opening women ITIs in the private sector out of their own funds. We have 75 ITIs exclusively for women in the States and for general ITIs also we have made provision. We are very liberal in granting sanction of funds to the State of Jammu and Kashmir.

SHRI LAKSHMAN SINGH : Mr. Chairman, Sir, the Demands for Grants have been circulated to us. ...(*Interruptions*)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : सर, इन्हीं शब्दों के साथ मेरी प्रार्थना है कि अनुदान की मांगों के लिए सदन अपनी स्वीकृति प्रदान करे।

श्री चन्द्रकांत खैरे : सभापति जी, माननीय मंत्री जी ने जो उत्तर दिया, उसमें उन्होंने प्रॉविडेंट फंड के रेट आफ इंटरैस्ट के बारे में नहीं बताया कि वह 9.5 परसेंट से कम तो नहीं होगा और दूसरी बात मैं पूछना चाहता हूं कि जो एम्प्लौयर है, वह अपना शेयर नहीं भरता है। जैसे फिक्की के चेयरमैन श्री मुतैया हैं, जो ए.पी.आई.के भी सदस्य हैं, उनके ऊपर आप क्या कार्रवाई करेंगे ?

श्री बसुदेव आचार्य : सभापति महोदय, मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जो स्टेट्यूटरी ड्यूज हैं जिनके बारे में बताया गया है कि 2000 करोड़ रुपए वर्कर्स के हैं, उनकी सुरक्षा के बारे में मंत्री जी क्या कर रहे हैं ?

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : सभापति जी, चाहे कोई व्यक्ति छोटा हो या बड़ा, चाहे फिक्की का चेयरमैन हो, मैं यहां किसी का नाम नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन यह अ वश्य कहना चाहता हूं कि दोषियों के विरुद्ध हम कानून कार्रवाई करेंगे और क्या कार्रवाई करेंगे, इसकी सूचना भी हम आपको देंगे।

महोदय, रेट आफ इंटरैस्ट की जहां तक बात है, जब साढ़े नौ परसेंट को नौ परसेंट करने की बात कही जा रही थी, तब भी मैंने कहा और मैं बताना चाहता हूं कि मैंने हमेशा कहा है कि जो भी रिटर्न 1 करोड़ 40 लाख रुपए की आएगी, जो वर्कर्स के हैं, उन्हें हम बहुत सेफ तरीके से इन्वैस्ट करते हैं।

We invest funds in PSUs owned by the State Governments. We do not invest our funds in such institutions where there is any risk. We have given this task to the Funds and Investment Committee of the CVT and whatever decision they will take, we will implement. The Finance Ministry is not compelling us at all. I had a talk with the Finance Minister and he told me that whatever is sustainable, whatever return we get, we can give it and he has no objection to that. What can be better than this? He mentioned about CITU and other members of the CVT.

मैं माननीय सदस्यों से कहना चाहता हूं कि उन्होंने यह कहा कि हम उन्हें सदस्य नहीं बना रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि इसमें कंसल्टेशन का प्रॉवीजन है। हमने उनसे कहा है कि आप हमें अपने आर्गेनाईजेशन से कोई भी तीन सदस्यों के नाम दे दें। अगर इनको अपने सदस्यों पर विश्वास नहीं है, तो मैं इसमें क्या करूं। सभी संगठनों ने दे दिए हैं। केवल दो ऐसी यूनियनें हैं, जिन्होंने अपने संगठन के नाम नहीं दिए हैं। आप मुझे सुबह नाम दीजिए, मैं शाम तक आर्डर निकलवा दूंगा। हमने इन्हीं के लिए जगह खाली रखी हुई है। हम चाहते तो किसी भी सेंट्रल ट्रेड यूनियन को वह जगह दे सकते थे, लेकिन हमने इनके लिए ही वह जगह खाली रखी हुई है। जिस दिन भी आप नाम दे देंगे, दो घंटे के अंदर हम उसके आर्डर निकाल देंगे। â€¦ (व्यवधान) It is only a consultation and it is not binding on us.

श्री बसुदेव आचार्य : तीन सदस्यों के नाम क्यों मांगे हैं ?

21.00 hrs.

श्री चन्द्रकांत खैरे : आप एक बार यह कह दीजिए कि इंटरस्ट रेट कम नहीं करेंगे।â€¦ (व्यवधान)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा हमारा जो रेट ऑफ इंटरस्ट होगा, हमें जो रिटर्न मिलेगा, उससे एक नया पैसा भी कम नहीं करेंगे।â€¦ (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : एक प्रतिशत का जो आया हैâ€¦ (व्यवधान)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : एक प्रतिशत का जो आया है, वह गलत है।â€¦ (व्यवधान)

श्री चन्द्रकांत खैरे : इसके लिए हम आपका अभिनंदन करेंगे।â€¦ (व्यवधान)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : जैसे मैंने आपसे निवेदन किया कि मैं श्रम मंत्रालय की अनुदान मांगों के लिए सदन का अनुमोदन प्राप्त करना चाहता हूं, यह मेरी प्रार्थना है।

श्री शिवराज वि.पाटील : महोदय, इस बात पर हम हाउस में साफ कर देना चाहते हैं, हमें कुछ मुद्दों पर समाधान है, मगर कुछ पर नहीं है और इस मुद्दे पर तो बिलकुल नहीं है कि जो आपका रिटर्न रहेगा उसके मुताबिक ही आप इंटरस्ट देंगे। आप जो इंटरस्ट आज दे रहे हैं, वह आपको देना ही पड़ेगा। अगर आपकी इकोनोमी सुधर रही है और आपकी इस पालिसी की वजह से सुधर रही है तो कामगार के प्रोविडेंट फंड पर इंटरस्ट कम क्यों होना चाहिए। आप क्यों कह रहे हैं कि जितना रिटर्न होगा, उतना देंगे?â€¦ (व्यवधान)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : मैंने ऐसा बिलकुल नहीं कहा कि हम इंटरस्ट कम करेंगे।â€¦ (व्यवधान)

श्री शिवराज वि.पाटील : हम आपसे कहना चाहते हैं कि आप ऐसी कोई बात मत करिए। हम आपसे जानना चाहते हैं कि आप जितना रिटर्न होगा, उतना इंटरस्ट देंगे? आप जितना इंटरस्ट पहले देते थे, उतना देंगे या नहीं और अगर नहीं देंगे तो हम आपसे तथा लोगों को भी कहेंगे कि आप जो इकोनीमी चला रहे हैं, वह ठीक ढंग से नहीं चला रहे हैं, इसलिए आपको इंटरस्ट कम देना पड़ रहा है। हम आपको इस हाउस में बताना चाहेंगे कि अगर आप ऐसा करेंगे तो हम उसका विरोध करेंगे।â€¦ (व्यवधान)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : हमारा रेट ऑफ इंटरस्ट कम करने का कतई कोई इरादा नहीं है।â€¦ (व्यवधान)

श्री शिवराज वि.पाटील : आप बता दीजिए कि जितना दे रहे हैं, उतना ही देंगे, कम नहीं करेंगे।â€¦ (व्यवधान)

डॉ. साहिब सिंह वर्मा : मैंने स्पट रूप दे बता दिया है।â€¦ (व्यवधान)

श्री विजय गोयलः इन्होंने कहा है कि हमारा इंटरस्ट कम करने का कोई विचार नहीं है।

श्री शिवराज वि.पाटील : ठीक है, हमारी बात का समाधान हो गया। We are thankful to the hon. Minister.

SHRI H.D. DEVE GOWDA : Sir, I have raised two issues. One was with regard to ITDC hotels where 125 workers are on hunger strike. This is contrary to the agreement that has been entered into between the Disinvestment Ministry and the person who has taken the hotel. Contrary to the agreement, these workers have been dismissed and no VRS has been given.

The other one is about the jute mill workers, who are struggling to get their wages. I would request the hon. Minister to look into this so that they get their dues.

DR. SAHIB SINGH VERMA: I have already mentioned about both the issues, but it was in Hindi. I had a meeting with the jute mill workers union about two months back...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : With NJMC!

DR. SAHIB SINGH VERMA: With all of them. There was some agreement with regard to the payment of wages and other things. Today, I am not in a position to tell what is the latest position. I will be in a position to tell you in a day or two. That is about jute mill workers.

Secondly, about Ashok Hotels, I would say that if the agreement was that they will not be removed and that VRS would be given to them, and if they are removed without any VRS, then I will look into this matter. I will go into detail and if required I will call the concerned people who have purchased those hotels and will also let the hon. Member know by the end of the week.

MR. CHAIRMAN : A number of cut motions have been moved by Members to the Demand for Grant relating to the Ministry of Labour. Shall I put all the cut motions together to the vote of the House or does any hon. Member want any particular cut motion to be put separately?

I shall now put all the cut motions to the vote of the House.

The cut motions were put and negatived.

MR. CHAIRMAN: I shall now put the Demand for Grant relating to the Ministry of Labour to vote.

The question is :

> "That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the Fourth column of the Order paper be granted to the President, out of the Consolidated Fund of India, to complete the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2004, in respect of the heads of Demands entered in the Second column thereof against Demand No. 60 relating to the Ministry of Labour."

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN : The House now stands adjourned till 11.00 a.m. tomorrow.

21.06 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Wednesday, April 23, 2003/Vaisakha 3, 1925 (Saka).